प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

11 दिसंबर 2023

विनियामक सैंडबॉक्स: 'खुदरा भुगतान' विषय के लिए 'ऑन टैप' आवेदन– परीक्षण चरण का समापन

विनियामक सैंडबॉक्स (आरएस) के 'खुदरा भुगतान' विषय के लिए 'ऑन टैप' आवेदन सुविधा के अंतर्गत, एचडीएफसी बैंक (क्रंचफिश एबी के साथ साझेदारी में) को परीक्षण चरण के लिए चुना गया था, जिसकी सूचना दिनांक 5 सितंबर 2022 की प्रेस प्रकाशनी के माध्यम से दी गई थी।

2. निम्नलिखित 'ऑफ़लाइन खुदरा भुगतान' उत्पाद ने 'परीक्षण चरण' पूरा कर लिया है और इसका मूल्यांकन पारस्परिक रूप से सहमत परीक्षण परिदृश्यों और अपेक्षित परिणामों के आधार पर किया गया।

सैंडबॉक्स संस्था	उत्पाद विवरण
एचडीएफ़सी बैंक (क्रंचफिश एबी के साथ साझेदारी में)	उत्पाद 'ऑफ़लाइन खुदरा भुगतान' ग्राहक और व्यापारियों को ऑफ़लाइन माध्यम से लेनदेन करने में सक्षम बनाने की क्षमता प्रदान करता है। इसे एक विश्वसनीय एप्लिकेशन के रूप में कार्यान्वित किया गया है जो प्रमाणित वर्चुअल सिक्योर एलिमेंट के साथ-साथ पब्लिक की इंफ्रास्ट्रक्चर (पीकेआई) का उपयोग करता है। इस समाधान का उद्देश्य बिना नेटवर्क वाले या कम नेटवर्क वाले क्षेत्रों में नेटवर्क कनेक्शन की आवश्यकता के बिना लेनदेन को सक्षम करके डिजिटल भुगतान अपनाने को बढ़ावा देना है।

3. उपरोक्त संस्था का उत्पाद अब आरएस से बाहर हो गया है और इसे लागू विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन के अधीन विनियमित संस्थाओं द्वारा अपनाने पर विचार किया जा सकता है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1461